इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

Code No.
कोड नं. **67/OS/1**

SET/सेट **A**

# HINDI
# हिन्दी
# (201)

Day and Date of Examination :
( परीक्षा का दिन व दिनांक ) ________________________

Signature of Invigilators :
( निरीक्षकों के हस्ताक्षर ) 1. ________________________

2. ________________________

---

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (क), (ख), (ग) तथा (घ) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
6. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
7. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड नं. **67/OS/1-A** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# HINDI
# हिन्दी
# (201)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (i) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 37 है और **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(ii) प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके समक्ष दिए गए हैं।

(iii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और खंड 'ब'।

(iv) खंड 'अ' में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(v) खंड 'अ' में कुल 27 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 1-5 पठित कविता पर, प्रश्न संख्या 6 अपठित कविता पर, प्रश्न संख्या 7-19 पठित गद्य पर, प्रश्न संख्या 20 अपठित गद्यांश पर और प्रश्न संख्या 21-27 व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ निर्देशानुसार उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

(vi) खंड 'ब' में कुल 10 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 28-30 पठित कविता पर, प्रश्न संख्या 31-34 पठित गद्य पर तथा प्रश्न संख्या 35-37 लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड - 'अ'
## ( वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय )

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 1

(i) मनुष्य के बारे में अपनी बात को अधिक स्पष्ट करने के लिए कबीर ने सोने के __________ का उदाहरण दिया है।

**अथवा**

(ii) आज़ादी कविता के अनुसार आज़ादी का संबंध श्रम, __________ और बलिदान से है।

**2.** (i) चंद्रगहना से लौटती बेर कविता में शोषक वर्ग का प्रतीक कौन है? 1

(क) चिड़िया (ख) बगुला (ग) मछली (घ) पत्थर

**अथवा**

(ii) बूढ़ी पृथ्वी का दुख कविता के आधार पर सही मिलान वाला विकल्प चुनें -

(क) पृथ्वी - जवान
(ख) पेड़ - खुश
(ग) वातावरण - प्रदूषित
(घ) नदी - साफ़-सुथरी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए - 3

(i) आह्वान कविता के अनुसार भारत में अनेक धर्मों - __________ के लोग रहते हैं।

(ii) रहीम के अनुसार अनुकूल अवसर मिलते ही विद्वान को फिर ज्ञान और __________ - __________ की बातें कहनी चाहिए।

(iii) आज़ादी केवल राजनीतिक नहीं होती, इसके अनेक __________ और __________ हैं।

(iv) बूढ़ी पृथ्वी का दुख कविता में पेड़ों के हज़ारों हज़ार हाथों के हिलने से अभिप्राय है __________ __________ __________ __________।

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यों के रिक्त स्थानों को भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए - 4

(i) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में प्रकृति __________ के रूप में आँचल की __________ प्रदान कर रही है।

(ii) आह्वान कविता के अनुसार कर्मरूपी __________ के बिना भाग्यरूपी __________ नहीं जल सकता।

(iii) आज़ादी कविता में दर्जी ने अपने अनुभवों के आधार पर बताया कि __________ और __________आवश्यकताओं की पूर्ति ही आज़ादी है।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए - 4

(i) कवि वृंद के अनुसार निरंतर अभ्यास करने से मूर्ख व्यक्ति भी __________ और __________ बन जाता है।

(ii) __________ कविता में सरसों को सयानी लड़की बनाकर प्रस्तुत करने में __________ अलंकार है।

(iii) 'आह्वान' कविता की भाषा __________ और उद्बोधनपरक है जिससे देशवासियों को अंधकार और __________ से जूझने की प्रेरणा मिलती है।

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 4

देखो प्रिय, विशाल विश्व को आँख उठाकर देखो,
अनुभव करो हृदय से यह अनुपम सुषमाकर देखो।
यह सामने अथाह प्रेम का सागर लहराता है,
कूद पड़ूँ तैरूँ इसमें, ऐसा जी में आता है।।
रत्नाकर गर्जन करता है मलयानिल बहता है,
हरदम यह हौसला हृदय में प्रिये! भरा रहता है।
इस विशाल, विस्तृत, महिमामय रत्नाकर के घर के,
कोने-कोने में लहरों पर बैठ फिरूँ जी भर के।।
निकल रहा है जलनिधि-तल पर दिनकर-बिंब अधूरा,
कमला के कंचन-मंदिर का मानो कांत-कँगूरा।
लाने को निज पुण्यभूमि पर लक्ष्मी की असवारी,
रत्नाकर ने निर्मित कर दी स्वर्ण-सड़क अति प्यारी।।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(i) कवि अपनी प्रिय से किसे देखने को कह रहा है?

(क) हृदय की सुंदरता को (ख) विशाल विश्व को

(ग) समुद्र को (घ) मंदिर को

(ii) कवि के हृदय में क्या हौसला भरा रहता है?

(क) लहरों पर बैठकर सागर के कोने-कोने में घूमने का

(ख) लहरों पर बैठकर दुनिया के कोने-कोने में घूमने का

(ग) लहरों के साथ गर्जना करने का

(घ) लहरों के साथ ऊपर-नीचे उठने और गिरने का

(iii) कवि ने उगते हुए सूर्य की कल्पना किस रूप में की है?

(क) लक्ष्मी के मंदिर के चमकते हुए शंख के रूप में

(ख) लक्ष्मी के मंदिर के चमकते अधूरे बिंब के रूप में

(ग) लक्ष्मी के सोने से बने मंदिर के चमकते गुंबद के रूप में

(घ) लक्ष्मी के शीशे के मंदिर के चमकते हुए गुंबद के रूप में

(iv) 'कमला के कंचन' और 'स्वर्ण-सड़क' में __________ अलंकार है।

(क) उपमा (ख) यमक (ग) उत्प्रेक्षा (घ) अनुप्रास

7. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1

(i) बहादुर घर छोड़कर जाते हुए भी अपने क्या होने का सबूत दे जाता है?

(क) दोषी (ख) घमंडी (ग) निर्दोष (घ) चोर

**अथवा**

(ii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में बुरी प्रवृत्तियों के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है?

(क) पशुता (ख) मानवता (ग) अहंकार (घ) शत्रुता

8. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 1

(i) इन्ट्रो के बाद समाचार थोड़े विस्तार से दिया जाता है इसे ही समाचार या घटना का __________ कहते हैं।

(क) मेन हेडिंग (ख) बाइ लाइन (ग) संपादकीय (घ) ब्यौरा

**अथवा**

(ii) 'सुखी राजकुमार' कहानी में गौरैया बार-बार किस देश में जाने का जिक्र करती है?

(क) चीन (ख) मिस्र (ग) जर्मनी (घ) लंदन

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए – 1

(i) अंधेर नगरी और चौपट राजा की कल्पना का कारण क्या है ?

(क) ब्रिटिश शासन की न्यायप्रियता को उभारने का दृष्टिकोण

(ख) दर्शकों के लिए हास्य-रस का वातावरण बनाने का प्रयास

(ग) ब्रिटिश शासन की सीधे तौर पर आलोचना न कर पाने की स्थिति

(घ) इतिहास के प्रसंगों की नई व्याख्या प्रस्तुत करने का उपाय

**अथवा**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' पाठ के आधार पर बताइए कि वाजिद अली शाह के बंदी बनाए जाने का मिरज़ा और मीर को कोई मलाल नहीं था क्योंकि –

(क) वे उससे ईर्ष्या करते थे।

(ख) शतरंज का बादशाह अधिक महत्त्वपूर्ण था।

(ग) उन्हें अंग्रेज़ी फौज से डर लगता था।

(घ) वे अंग्रेज़ों के समर्थक थे।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए –

**10.** (i) 'सुखी राजकुमार' कहानी में बहुत ठंड होने (पड़ने) पर भी गौरैया को ठंड न लगने का कारण यह बताया कि ____________ **1**

(क) वह बीमार है।

(ख) उसने आज एक भलाई की है।

(ग) वह झूठ बोल रही है।

(घ) वह राजकुमार को परेशान नहीं करना चाहती।

**अथवा**

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के अनुसार शासक निकम्मा होने पर देश का क्या हाल हो जाता है?

(क) देश खुशहाल हो जाता है।

(ख) देश विकास की ओर अग्रसर होता है।

(ग) देश भोग विलासी और कामचोर हो जाता है।

(घ) देश सुरक्षित हो जाता है।

**11.** (i) जो पत्र किसी एक कार्यालय द्वारा किसी अन्य कार्यालय को भेजे जाते हैं उसे कहते हैं – **1**

(क) व्यक्तिगत पत्र (ख) कार्यालयी पत्र

(ग) अनौपचारिक पत्र (घ) प्रार्थना पत्र

**अथवा**

(ii) दूरदर्शन में भी समय की पाबंदी होती है इसलिए उन्हें जरूरत पड़ती है –

(क) सार लेखन (ख) निबंध लेखन

(ग) पत्र लेखन (घ) कहानी लेखन

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **1**

(i) "मगर आपने उन्हें सिर चढ़ा रखा है, यह मुनासिब नहीं है।" इस वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का अर्थ है __________।

(क) हाँ में हाँ मिलाना (ख) दिमाग खराब करना

(ग) सिर पर बैठा लेना (घ) बहुत लाड़ प्यार से बिगाड़ देना

**अथवा**

(ii) ऐसी नगरी जहाँ तानाशाह की सत्ता है, न्याय का आडंबर होता है ऐसी नगरी को कहते हैं __________।

(क) सुंदर नगरी (ख) अंधेर नगरी

(ग) जीवंत नगरी (घ) खुशहाल नगरी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

13. (i) फ़ीचर में किसका होना अनिवार्य होता है? 1

**अथवा**

(ii) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग अभिव्यक्ति में __________ लाने के लिए किया जाता है।

14. निम्नलिखित में से **किन्हीं** 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 2

(i) सुखी राजकुमार ने कहा, "मेरे पैर तो इस __________ से जड़े हैं और मैं चल नहीं सकता।"

(ii) शतरंज के खिलाड़ी कहानी के लेखक __________ हैं।

(iii) बहादुर कहानी में वाचक कई बार पड़ोसियों को सुना चुका था कि जिसके पास __________ है, वही आजकल नौकर रख सकता है।

(iv) अंधेर नगरी में राजा के अधिकारी __________ और मूर्ख हैं।

15. निम्नलिखित संवाद किस पात्र के हैं? **किन्हीं दो** की पहचान कीजिए और उनके नाम लिखिए। 2

(i) "मनुष्य की मनुष्यता यही है कि वह दुख-सुख को सहानुभूति के साथ देखता है।"

(ii) "रानी रूठेंगी, अपना सुहाग लेंगी।"

(iii) "बिल्कुल! बिल्कुल पत्थर का भिखारी!"

(iv) "बहादुर, आकर नाशता क्यों नहीं कर लेते?"

16. नीचे दिए गए कथनों में से **किन्हीं दो** कथनों को उत्तर-पुस्तिका में लिखिए और बताइए कि वे सही हैं या गलत। 2

(i) बहादुर कहानी के वाचक में मध्यवर्गीय व्यक्ति के गुण और दोष दोनों मिलेंगे।

(ii) समाचार संवाददाता के विचारों पर आधारित होते हैं।

(iii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के अनुसार अच्छी तरह सोच समझकर, परखकर हमें किसी वस्तु या पद्धति को अपनाना चाहिए।

(iv) अंधेर नगरी के राजा बहुत न्यायप्रिय हैं।

17. सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 2

(i) संयम एवं दूसरों के __________ के प्रति __________ होना ही मनुष्य को पशु से श्रेष्ठ बनाता है।

(क) धन, लालची (ख) दुख-सुख, संवेदनशील

(ग) सुख, असंवेदनशील (घ) दुख, प्रसन्न

**अथवा**

(ii) निबंध में __________ होनी चाहिए, वाक्य छोटे तथा __________ होने चाहिए।

(क) क्रमबद्धता, प्रभावशाली (ख) कल्पना, बड़े

(ग) आत्मीयता, अशुद्ध (घ) सूचना, अप्रभावशाली



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**18.** नीचे दिए गए पाठों और पात्रों के **दो** सही युग्म चुनिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **2**

| | **पाठ का नाम** | **पात्र का नाम** |
|---|---|---|
| (i) | अंधेर नगरी | बेगम |
| (ii) | सुखी राजकुमार | निर्मला |
| (iii) | शतरंज के खिलाड़ी | महंत |
| (iv) | बहादुर | मेयर |

**19.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **2**

(i) __________ अखबारों की आय का प्रमुख साधन होते हैं।

(ii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के अनुसार पुराने का __________ सब समय वांछनीय ही नहीं होता।

(iii) बहादुर की माँ बड़ी __________ थी।

(iv) शतरंज के खिलाड़ी कहानी के अनुसार लखनऊ __________ के रंग में डुबा हुआ था।

**20.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **4**

स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता दोनों का वास्तविक अर्थ एक ही है। वह अर्थ है अपना अवलंब अर्थात् आश्रय या सहारा आप बनना, किसी दूसरे पर बोझ न बनकर या निर्भर अर्थात् आश्रित न रहकर अपने आप पर निर्भर या आश्रित रहना। इस प्रकार दोनों शब्द परावलंबन या पराश्रिता त्यागकर, स्वयं परिश्रम करके, सब प्रकार के दुख-कष्ट सहकर भी अपने पैरों पर खड़े रहने की शिक्षा और प्रेरणा देने वाले शब्द हैं। संसार में परावलंबी यानि दूसरों पर आश्रित होना या निर्भर रहना एक प्रकार का पाप, सर्वाधिक हीन कर्म और आदमी के अंत: बाह्य व्यक्तित्व को एकदम हीन और बौना बनाकर रख देने वाला हुआ करता है। पराश्रित को हमेशा आश्रय देने वालों के अधीन बनकर रहना पड़ता है। उनके इशारों पर नाचने की बाध्यता और विवशता रहा करती है। उनकी अपनी इच्छा पहले तो होती ही नहीं, होने या रहने पर भी उस का कोई मूल्य और महत्व नहीं रहा करता। हर बात के लिए दूसरों का मुँह ताकना पड़ता है। इसी कारण पराधीनता को घोर पाप और निकृष्ट माना गया है। इसके विपरीत स्वाधीनता एवं स्वावलंबन को स्वर्ग का द्वार, पुण्य-कार्यों का परिणाम और सब प्रकार से श्रेष्ठ स्वीकार किया गया है।

(i) स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता – ये दोनों शब्द आपको क्या शिक्षा देते हैं?

(क) परावलंबी बनकर जीने की शिक्षा

(ख) परालंबन या पराश्रिता त्यागकर अपने पैरों पर खड़ा होना

(ग) दूसरे पर निर्भर होकर आराम से रहना

(घ) दूसरे का सहारा बनने से कतराना

(ii) परावलंबी जीवन मनुष्य को क्या बना देता है?

(क) हीन और बौना (ख) सम्मानित

(ग) कर्मठ (घ) बुद्धिजीवी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(iii) स्वाधीनता को __________ का द्वार, __________ कार्यों का परिणाम माना गया है।

(क) नरक, बुरे (ख) नगर, भले

(ग) गाँव, अच्छे (घ) स्वर्ग, पुण्य

(iv) स्वाधीनता का विलोम शब्द है –

(क) आत्मनिर्भरता (ख) स्वावलंबन

(ग) पराधीनता (घ) निकृष्टता

**21.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **( किन्हीं दो )** **1x2=2**

(i) 'यश' का सही विलोम शब्द है –

(क) अपयश (ख) कुयश (ग) सुयश (घ) यशहीन

(ii) छात्रों के रहने का स्थान __________ कहलाता है।

(क) कारावास (ख) छात्रावास (ग) दूतावास (घ) निवास

(iii) माता, नयन, दुकान, खिड़की में से देशज शब्द है –

(iv) डिबिया, साँप, जहाज़, पवन में से फ़ारसी शब्द है –

**22.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(i) 'राजपुरुष' समस्तपद __________ समास का उदाहरण है। **1**

(क) तत्पुरुष (ख) बहुब्रीही (ग) कर्मधारय (घ) द्वंद्व

**अथवा**

(ii) 'लंबा है उदर जिसका' विग्रह का समस्तपद है __________।

(क) लंबू (ख) लंबाई (ग) लंबोदर (घ) लंबीदर

**23.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **2x1=2**

(i) महाशय का संधि विच्छेद __________ है।

(ii) परोपकार का संधि विच्छेद __________ है।

(iii) तथा + एव की संधि __________ है।

(iv) सु + आगत की संधि __________ होगी।

**24.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। **2x1=2**

(i) परिक्रमा शब्द में __________ उपसर्ग है।

(ii) विश्राम शब्द में __________ उपसर्ग है।

(iii) सजीला शब्द में __________ प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।

(iv) लेखक शब्द में __________ प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

25. (i) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य है – 1

(क) महात्मा गाँधी ने कहा कि गाय करूणा की कविता है।

(ख) मैंने गौरा को देखा और उसे पालने का निश्चय किया।

(ग) अध्यापक चाहते हैं कि उनके शिष्य अच्छे बनें।

(घ) मैंने एक बहुत सुंदर चिड़िया देखी।

**अथवा**

(ii) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है –

(क) जब वह मुंबई गया तब उसने वहाँ नया व्यापार शुरू किया।

(ख) वह दो दिन गाँव में रहकर सबका प्रिय हो गया।

(ग) संतोषी व्यक्ति जंगल में भी खुश रहते हैं।

(घ) अतिथि आए और कार्यक्रम शुरू हो गया।

26. (i) निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है – 1

(क) मैंने अख़बार पढ़ी।

(ख) मैंने अख़बार पढ़ूँगी।

(ग) मैंने अख़बार पढ़ा।

(घ) मैंने अख़बार पढ़ेंगा।

**अथवा**

(ii) (क) यहाँ भैंस का ताज़ा दूध मिलता है।

(ख) यहाँ ताज़ा भैंस का दूध मिलता है।

(ग) यहाँ दूध मिलता है ताज़ा भैंस का।

(घ) यहाँ भैंस का ताज़ी दूध मिलता है।

27. (i) 'फूला न समाना' मुहावरे से आशय है – 1

(क) वज़न बढ़ जाना

(ख) अत्यंत प्रसन्न होना

(ग) अत्यंत निराश होना

(घ) अत्यंत मोटा हो जाना

**अथवा**

(ii) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरा चुनकर कीजिए।

अपने मेहमानों के स्वागत में __________ हम भारतीयों की संस्कृति में है।

(क) पापड़ बेलना (ख) नाक-भौं चढ़ाना

(ग) पलकें बिछाना (घ) जोड़-तोड़ करना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड - 'ब'

## ( विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न )

**28.** निम्नलिखित काव्यांश के कवि और कविता का नामोल्लेख करते हुए काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। **4**

(i) पावस देखि रहीम मन, कोइल साधै मौन।
अब दादुर बक्ता बने, हमको पूछत कौन।।

**अथवा**

(ii) ''आज़ादी वह फ़सल है जिसे,
बोने वाला ही काट सकता है;
वह रोटी; जिसे मेहनती ही खा सकता है,
यह वह कपड़ा है, जिसे दर्जी ही
पहन सकता है,''
यह कहकर दर्जी फिर से कपड़े सीने लगा।

**29.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **3**

(i) थोड़ा-सा वक्त चुरा कर बतियाया है कभी
कभी शिकायत न करने वाली
गुमसुम बूढ़ी पृथ्वी से उसका दुख?
अगर नहीं, तो क्षमा करना!
मुझे तुम्हारे आदमी होने पर संदेश है!!

**अथवा**

(ii) और पैरों के तले है एक पोखर,
उठ रहीं इसमें लहरियाँ,
नील तल में तो उगी है घास भूरी,
ले रही वह भी लहरियाँ।
एक चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा,
आँख को है चकमकाता।

**30.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए। **6**

(i) कवि 'वृंद' के अनुसार अभ्यास करने का क्या अर्थ होता है?

(ii) 'आह्वान' कविता के अनुसार सुख और शांति कैसे आएगी? 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के संदर्भ में लिखिए।

(iii) नगरों की अपेक्षा ग्रामीण अंचल को प्रेम के लिए अधिक उर्वर क्यों माना गया है?

(iv) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के संदर्भ में लिखिए कि क्या प्राकृतिक संसाधनों का मनमाना उपयोग करना हमारा अधिकार है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

31. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए। 6

(i) बहादुर के, व्यक्तित्व पर टिप्पणी कीजिए।

(ii) 'सुखी राजकुमार' कहानी के आधार पर राजकुमार के जीवन-काल और प्रतिमा बनने के बाद के राजकुमार के व्यक्तित्व की तुलना कीजिए और बताइए कि आपको कौन-सा रूप पसंद है और क्यों?

(iii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि – गाँधी जी किस प्रकार के सुखों को मानव-जाति के लिए श्रेष्ठ मानते थे?

(iv) मूल्यवान वस्तुएँ सस्ती होने पर भी महंत ने अंधेर नगरी में रहने के लिए मना क्यों किया?

32. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए। 4

(i) आप ऐसे कौन से दो मानवीय मूल्य को अपनाना चाहेंगे जिससे आपका भविष्य निर्मित हो। वर्णन कीजिए।

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी को लिखने के पीछे प्रेमचन्द का क्या उद्देश्य था?

(iii) समाचारों की चयन प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

33. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

(i) गौरैया शहर पर उड़ने लगी। अमीर अपने महलों में रंगरलियाँ मना रहे थे और गरीब हाथ फैलाए भीख माँग रहे थे। वह अंधेरी गलियों पर से उड़ी और उसने देखा कि भूखे बच्चे ज़र्द चेहरे लटकाए हुए सूनी निगाहों से देख रहे हैं। एक पुलिया के नीचे दो बच्चे सिकुड़े हुए बैठे हैं – ''भागो यहाँ से!'' चौकीदार बोला और वे बारिश में भीगते हुए चल दिए।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) लेखक ने इस गद्यांश में धनी और निर्धन वर्ग के जीवन और व्यवहार की किन विषमताओं को दर्शाया है?

(ग) आपकी राय में गौरैया सुखी राजकुमार के सान्निध्य में क्या सीखती है?

**अथवा**

(ii) बात यह है कि कल कोतवाल को फाँसी का हुक्म हुआ था। जब फाँसी देने को उनको ले गए, तो फाँसी का फंदा बड़ा हुआ, क्योंकि कोतवाल साहब दुबले हैं। हम लोगों ने महाराज से अर्ज़ किया, इस पर हुक्म हुआ कि एक मोटा आदमी पकड़कर फाँसी दे दो, क्योंकि बकरी मारने के अपराध में किसी न किसी को सजा होनी जरूर है नहीं तो न्याय न होगा। इसी वास्ते तुमको ले जाते हैं कि कोतवाल के बदले तुमको फाँसी दें।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) पाठ के इस अंश में किस व्यवस्था पर व्यंग्य किया गया है?

(ग) गद्यांश की भाषा-शैली लिखिए।

34. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

(i) एक दिन दोनों मित्र मसजिद के खंडहर में बैठे हुए शतरंज खेल रहे थे। मीर की बाजी कुछ कमज़ोर थी। मिरज़ा साहब उन्हें किश्त-पर-किश्त दे रहे थे। इतने में कम्पनी के सैनिक आते हुए दिखाई दिए। वह गोरों की फ़ौज थी, जो लखनऊ पर अधिकार जमाने के लिए आ रही थी।

**अथवा**

(ii) मैं अपने को बहुत ऊँचा महसूस करने लगा था। अपने परिवार और संबंधियों के बड़प्पन तथा शान-बान पर मुझे सदा गर्व रहा है। अब मैं मुहल्ले के लोगों को पहले से भी तुच्छ समझने लगा। मैं सीधे मुँह किसी से बात नहीं करता। किसी की ओर ठीक से देखता भी नहीं था। दूसरे के बच्चों को मामूली-सी शरारत पर डाँट-डपट देता था।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

35. निम्नलिखित गद्यांश का सार **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए। 5

धर्म हमें दया करना सिखाता है और अभिमान की जड़ में पाप-भाव पलता है। हमें शरीर में प्राण रहने तक दया-भाव को त्यागना नहीं चाहिए। संसार का प्रत्येक धर्म दया और करूणा का पाठ पढ़ाता है। परोपकार की भावना ही सबसे बड़ी मनुष्यता है। यह एक सात्विक-भाव है। परोपकार की भावना रखने वाला न तो अपने-पराए का भेदभाव रखता है और न ही अपनी हानि की परवाह करता है। दयावान किसी को कष्ट में देखकर चुपचाप नहीं बैठ सकता। उसकी आत्मा उसे मज़बूर करती है कि वह दुखी प्राणी के लिए कुछ करे। गुरुनानक, गौतम बुद्ध, महावीर जैसे संतों ने मानव-जाति के कल्याण की कामना करते हुए कर्म किए। ऐसे ही लोगों के बल पर आज हमारा देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। अगर कोई किसी पर अत्याचार करे या बेकसूर को यातना दे, तो हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम बेकसूर का सहारा बनें। न्याय व धर्म की रक्षा करना सदा से धर्म है। दया-भाव विहीन मनुष्य भी पशु समान ही होता है। जो दूसरों की रक्षा करते हैं, वे इस सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता करते हैं। धर्म का मर्म ही दया है। दया-भाव से ही धर्म का दीपक सदैव प्रज्वलित रहता है।

36. अपने मोहल्ले में 'जल संकट' से उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र को एक पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए जिसमें सिनेमा देखने के दुर्व्यसन से बचने के लिए सलाह दी गई हो।

37. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए। 7

(i) शहरीकरण से बढ़ता प्रदूषण

(ii) जहाँ चाह वहाँ राह

(iii) समय प्रबंधन का महत्त्व

(iv) भारत के बदलते गाँव

- o 0 o -



Unnati Educations
9899436384, 9654279279